


नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 17 जुलाई, 2026

# मानोरा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**खास बातें**

- लाखों श्रद्धालुओं ने किए भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन
- वर्षा को माना दिव्य आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर 16 जुलाई, आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक जगदीश स्वामी मानोरा मेले में सोमवार को श्रद्धा और आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा . क्षेत्र के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की . मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मानोरा धाम पहुंचे .**

मान्यता है कि इस पावन अवसर पर भगवान जगदीश स्वामी स्वयं मानोरा धाम में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं . इसी दौरान होने वाली वर्षा को श्रद्धालु भगवान का विशेष आशीर्वाद और शुभ संकेत मानते हैं . इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार वर्षा होने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली .सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं . श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और उत्तम वर्षा की कामना की . पूरे मेला परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा . जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया . सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने पेयजल, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की .मेले में ग्रामीण संस्कृति की अनूठी झलक भी देखने को मिली . विभिन्न प्रकार की दुकानों, झूलों और मनोरंजन के साधनों ने मेले की रौनक बढ़ाई . प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा .आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मानोरा मेला हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को एक सूत्र में जोड़ते हुए धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और लोक संस्कृति का संदेश देता है .



## सिरोंज में रजत रथ में विराजित होकर निकले जगत के नाथ, धर्म, आस्था और संस्कृति की रथ यात्रा

सिरोंज में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा के दौरान शहर में गुरुवार को चहुंओर जय जय जगन्नाथ के जयकारें गूंजते रहे. धर्म, आस्था और संस्कृति की इस रथयात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. इस दौरान भगवान के दर्शनों एवं भगवान का रजत रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. वहीं नगर में भगवान जगन्नाथ स्वामी, भगवान बलदेव जी एवं बहन सुभद्रा जी के साथ करीब एक क्विंटल चांदी से बने रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले. शहर में गुरुवार को चारों ओर भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का उत्साह दिखाई दिया. इस रथयात्रा को लेकर समिति द्वारा बीते कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी. इस मौके पर श्री रामलला मंदिर में सायं को भगवान की महाआरती की गई. जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए. इसके उपरांत भगवान जगन्नाथ स्वामी जी, भगवान बलदेव जी एवं बहन सुभद्रा जी को रजत रथ में विराजित किया गया. इसके उपरांत रथयात्रा सायं को श्री रामलला मंदिर से शुरू हुई. रथयात्रा में भक्त भगवान के रथ को नंगे पैर हाथों में लेकर खींचते हुए चल रहे थे. रथयात्रा के दौरान शहर में जगह-जगह भक्तों द्वारा भगवान की आरती एवं पूजन किया गया. रथयात्रा के दौरान शहर के मार्गो पर भगवान की मनमोहक छवि को निहारने भक्तों की भीड़ लगी रही. इस दौरान भगवान जगन्नाथ स्वामी का केसरिया भात प्रसादी के रूप में वितरित किया गया. रथयात्रा कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट, नगरपालिका तिराहा से होते हुए हाजीपुर पाटीदार धर्मशाला पर पहुंची. जहां पर रात्रि विश्राम हुआ. इस अवसर पर भगवान की महाआरती एवं प्रसादी वितरण हआ.

## बासौदा में झमाझम बारिश में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

झमाझम बारिश के बीच भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा पूरे धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई . तीन रथों में विराजमान भगवान जगन्नाथ नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण पर निकले . शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बरसते पानी में भी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे . नौलखा मंदिर बेतवा घाट, भावसार मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर, बरेठ रोड से निकली रथयात्राओं में श्रद्धालुओं ने प्रसाद अर्पित कर धर्मलाभ लिया तथा प्रसाद वितरण किया गया .सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा . पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक रथयात्रा में भाग लिया . पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात की बेहतर व्यवस्था कर आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराया .रथयात्रा के दौरान हुई बारिश ने वर्षों पुरानी लोकमान्यता को एक बार फिर जीवंत कर दिया . बुजुर्गों ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दिन वर्षा होना शुभ माना जाता है और यह परंपरा आज भी कायम है .हालांकि तेज बारिश के बीच बिजली आपूर्ति करीब चार घंटे बाधित रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा . लेकिन समय पर बिजली बहाल नहीं होने पर लोगों ने नाराजगी भी जताई .

### रात्रि में हुए भजन, कीर्तन

रथ यात्रा के रात्रि विश्राम के दौरान हाजीपुर स्थित पाटीदार धर्मशाला में रात्रि में भजन, कीर्तन का आयोजन किया गया. जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर 3 बजे रथ यात्रा हाजीपुर पाटीदार धर्मशाला से लिंक रोड, छत्री नाका से हुए कुरवाई रोड पर एक भक्त के घर पर पहुंचेगी. जहां पर रात्रि विश्राम होगा.

# भोपाल से नाबालिग बालिका सकुशल दस्तयाब, परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज

**नटेरन 16 जुलाई,पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नटेरन पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया** .अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहर सिंह मंडेलिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई . 11 जुलाई 2026 को ग्राम कुरैयाखेड़ा से नाबालिग बालिका के लापता होने पर परिजनों की शिकायत के आधार पर थाना नटेरन में अपराध क्रमांक 182/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया .पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से 15 जुलाई को भोपाल के बाग सेवनिया क्षेत्र से बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया . आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया .इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहर सिंह मंडेलिया, प्रधान आरक्षक श्याम सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक कुलदीप चंदेल, आरक्षक सोनू राजपूत, फूल सिंह शाक्य एवं हिमांशु साहू की भूमिका रही .

# गंजबासौदा में बढ़ रहे साइबर ठगी के मामले

- हर ग्राम पंचायत में नियुक्त होंगे साइबर मित्र
- जागरुकता के साथ बैंकिंग सुरक्षा मजबूत करने की जरूरत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा . क्षेत्र में लगातार बढ़ रही साइबर ठगी की घटनाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है . बैंक खातों से ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिए रकम निकलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं . इससे खाताधारकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है और बैंकिंग व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं** .विशेषज्ञों का मानना है कि केवल लोगों को जागरूक करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बैंक प्रबंधन, पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय तथा सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता है . समय-समय पर बैंक अधिकारियों की बैठक कर साइबर अपराधों की रोकथाम के उपायों पर गंभीर मंथन किया जाना चाहिए .इधर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर मित्र योजना शुरू की जा रही है.

## कलेक्टर ने शासकीय आदर्श महाविद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा .** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जम्बार बागरी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया . उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, परिसर की स्वच्छता, अनुशासन एवं अभिलेखों के संधारण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया .निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य ब्रह्मदीप अलूने को शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने, विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक कार्यों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए .

# आंगनबाड़ी केंद्र में डायरिया एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

- बच्चों को हाथ धोने का व्यवहारिक प्रशिक्षण, स्वच्छता अपनाने का दिलाया संकल्प



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा . नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में डायरिया एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया . कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सफाई मित्रों की सहभागिता रही .**

कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड पार्षद सुनील साहू ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए की . इसके बाद बच्चों को साबुन से सही तरीके से हाथ धोने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया तथा डायरिया से बचाव, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, ओआरएस के महत्व और गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण की जानकारी दी गई .आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला है . उन्होंने नागरिकों से घर एवं आसपास साफ-सफाई रखने तथा बरसात के मौसम में स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने की अपील की.कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सुनील साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति गौड़, एएनएम किरण चौधरी, सहायिका सुमन रैकवार सहित स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे . अंत में सभी ने स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया .



# पैतृक ईंट निर्माण कार्य नहीं छीना जाएगा, कुम्हार परिवारों के साथ हैं हम-हरिसिंह सप्रे

नवभारत न्यूज

**कुरवाई . वेतवा नदी किनारे ईंट निर्माण कर रहे 30 से अधिक लोगों को एसडीएम कार्यालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद कुम्हार समाज के कारीगर और मजदूर विधायक हरिसिंह सप्रे से मिले . उन्होंने बताया कि मिट्टी से ईंट निर्माण उनका पैतृक व्यवसाय है और इसी से सैकड़ों परिवारों का जीवन-यापन होता है . यदि यह कार्य बंद हुआ तो बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो जाएंगे .**

विधायक हरिसिंह सप्रे ने कहा कि कुम्हार समाज का पारंपरिक व्यवसाय छीनना उचित नहीं है . उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी गरीब परिवार की आजीविका प्रभावित नहीं होने दी जाएगी . इस संबंध में उन्होंने जिला कलेक्टर से चर्चा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री के समक्ष भी मामला उठाने की बात कही.उल्लेखनीय है कि एसडीएम कार्यालय ने 7 जुलाई को जारी नोटिस में वेतवा नदी किनारे अवैध मिट्टी उत्खनन, नदी कटाव, मोटर से पानी उपयोग तथा प्रदूषण का हवाला देते हुए 15 दिन के भीतर ईंट भट्टे हटाने के निर्देश दिए हैं .वहीं कुम्हार समाज का कहना है कि वे अपनी निजी भूमि पर वर्षों से परंपरागत तरीके से ईंट निर्माण कर रहे हैं . समाज ने शासन के 24 सितंबर 2019 के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि पारंपरिक कुम्हारों को मिट्टी उत्खनन कर ईंट, कवेलू और मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए रॉयल्टी में छूट प्रदान की गई है .

## नौलखा धाम और वेदांती आश्रम में मनाएं पारिवारिक आयोजन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा .** नगर के समाजसेवियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिवस, पुण्यतिथि एवं अन्य पारिवारिक आयोजन होटल, ढाबों या अन्य स्थानों के बजाय बेतवा नदी स्थित नौलखा धाम एवं वेदांती आश्रम जैसे धार्मिक स्थलों पर आयोजित करें . उनका कहना है कि ऐसे आयोजनों के साथ गौसेवा, संतों का आशीर्वाद और धार्मिक वातावरण का लाभ भी प्राप्त होगा .समाजसेवियों के अनुसार नौलखा धाम परिसर में गौशाला, मंदिर एवं संत-महंतों का सान्निध्य उपलब्ध है, जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर गौसेवा और सामाजिक सेवा के कार्य भी कर सकते हैं . वहीं वेदांती आश्रम में भी गौशाला, हरियाली से आच्छादित परिसर, स्नान की व्यवस्था, भोजशाला तथा कार्यक्रम आयोजन की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं .उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर परिवार सहित समय बिताने से आध्यात्मिक शांति और प्रकृति का आनंद मिलता है . समाजसेवी गणेश राम रघुवंशी, महेश अग्रवाल, डॉ. ए.के. जैन, दिलीप देसाई, सुनील पिंगले एवं दीपक तिवारी ने धर्मप्रेमी एवं सेवाभावी नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में ऐसे आयोजनों के लिए इन धार्मिक स्थलों का चयन करने की अपील की .



# विदिशा टैक्स लॉ बार के अध्यक्ष बने सीए विकास जैन, सचिव बने एड .चक्रेश

नवभारत न्यूज

**विदिशा . विदिशा टैक्स लॉ बार की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया . कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई ने की . संरक्षक मंडल की उपस्थिति में सभी सदस्यों की सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया .**

नई कार्यकारिणी में सीए विकास कुमार जैन को अध्यक्ष एवं एडवोकेट चक्रेश जैन को सचिव चुना गया . उपाध्यक्ष पद पर एड. विपिन चौरसिया, सीए अभय वैद्य, एड. दीपक नेमा एवं एड. संजय सावला को नियुक्त किया गया . सहसचिव देवेंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, सह-कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, संगठन मंत्री नितिन सोनी तथा जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) अमित शर्मा बनाए गए .कार्यकारिणी में सीए पार्थ पितलिया, सीए अतुल गोयल, एड. अंशुज शर्मा, सीए ऋचा जालोरी, एड. शरद सिंघवी, एड. अखिलेश जैन, सीए जितेश जैन सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया . बैठक में बार के अनेक अधिवक्ता एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित रहे . इसकी जानकारी एडवोकेट अमित शर्मा ने दी .

**आयोजन** | **सीबीएसई क्लस्टर-12 फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज**

# स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में पहले दिन खेले गए 10 रोमांचक मुकाबले, 20 टीमों ने दिखाया दम



नवभारत न्यूज

**विदिशा . स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-12 बालक फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के 10 रोमांचक मुकाबले खेले गए . 20 विद्यालयों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल भावना और कौशल का परिचय दिया .**

अंडर-17 वर्ग में माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल ने सेंट जॉर्ज इंग्लिश मीडियम स्कूल को 3-0, दिल्ली पब्लिक राऊ स्कूल इंदौर ने आईएटीवी एजुकेशनल एकेडमी को 3-0, सेंट एलॉयसियस स्कूल शहडोल ने कैम्पियन स्कूल भोपाल को 2-1 तथा द शिशुकुंज जेटीएनएल स्कूल ने सागर पब्लिक स्कूल द्वारका धाम को 1-0 से हराया . पीएम श्री डेमोंस्ट्रेशन स्कूल और मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल के बीच मुकाबला गोलरहित बराबरी पर रहा .अंडर-19 वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर ने सेंट मैरी स्कूल बड़वानी को 6-0 से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की . सागर पब्लिक स्कूल गांधी भोपाल, दिल्ली पब्लिक स्कूल नीलबड़ भोपाल, दीपक मेमोरियल एकेडमी सागर और सेंट मॉन्टफोर्ट भोपाल ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते .

22 जुलाई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देशभर के 400 से अधिक विद्यालयों के लगभग 3000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं . विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं .










